शनि जयंती पर उमड़ा आस्था का सैलाब

भीषण गर्मी में भक्तों ने लाइन में लगकर किए न्याय देवता के दर्शन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 16 मई। शहर के नवग्रह व शनि मंदिरों में शनिवार को शनि जयंती का पर्व बेहद श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। न्याय के देवता भगवान शनिदेव को रिझाने और उनकी कुदृष्टि से बचने के लिए भोर से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। भीषण गर्मी और पसीने से तरबतर होने के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई।

शहर के इन प्रमुख मंदिरों में पैर रखने की भी नहीं थी जगह: जीवन में सुख-समृद्धि की कामना और शारीरिक व मानसिक कष्टों से मुक्ति के लिए शहर के प्रमुख शनि मंदिरों में सुबह 4 बजे से ही दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लग गईं। थाटीपुर स्थित शनि मंदिर, तारागंज शनि मंदिर, बहोड़ापुर नवग्रह मंदिर, रामदास घाटी, बालाजी धाम (गरगज कॉलोनी) और हुरावली पहाड़ी पर स्थित शनि मंदिरों में पैर रखने की जगह नहीं थी। भक्तों ने यहाँ कतारबद्ध होकर शनि चालीसा, महामंत्रों का जाप और विशेष अनुष्ठान हुए। सुबह के समय सभी प्रमुख मंदिरों में भगवान शनिदेव का विधि-विधान से तैलाभिषेक कर भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद मंदिरों और प्रमुख चौराहों पर भक्तों द्वारा विशाल भंडारे और प्रसादी का वितरण शुरू हुआ, जो देर शाम तक अनवरत जारी रहा। विशेष रूप से जीवाजीगंज स्थित रामदास घाटी नवग्रह मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद बड़े पैमाने पर प्रसादी बांटी गई। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार शनि देव के वाहन काले कुत्ते को खुश करने के लिए आज बाजारों में 'इमरती' और 'मंगोड़े' की भारी मांग देखी गई। सुबह से ही शहर के मिष्ठान भंडारों पर ग्राहकों की भारी भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान को भोग लगाने और काले कुत्ते को खिलाने के लिए इमरती खरीदी। इसके साथ ही मंदिरों के बाहर काले तिल, उड़द की दाल और सरसों के तेल का दान कर पुण्य लाभ कमाया गया।

घरेलू विवाद पर ससुर ने बहू को पीटा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 16 मई। घर में रोज-रोज के क्लेश ने मारपीट का रूप अख्तियार कर लिया और विवाद के चलते ससुर ने बहू के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दे दी। मारपीट से घायल महिला गोला का मंदिर थाने पहुंची और पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रियंका पत्नी जितेन्द्र सिंह निवासी नारायण विहार कॉलोनी गोला का मंदिर का पिछले कुछ दिनों से घर में परिजनों से विवाद चल रहा था। ससुर और बहू के बीच चले रहे विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया और मारपीट हो गई।

मारपीट होते ही प्रियंका के ससुर रामलखन बरहदिया ने उसे जमीन पर पटक दिया और लात-घूसों से पिटाई कर दी। जमीन पर गिरने से प्रियंका का सिर फट गया और खून बहने लगा। घर में मौजूद अन्य परिजनों ने मामला शांत कराया। मारपीट से घायल प्रियंका पुलिस के पास पहुंची और घटना की जानकारी दी।

श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया वट सावित्री पर्व

महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य की कामना मांगी

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 16 मई। शहर में शुक्रवार को अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन का पावन पर्व 'वट सावित्री व्रत' श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। अपने पति की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली के लिए सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही निर्जला व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही शहर के विभिन्न मंदिरों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थित वट (बरगद) वृक्षों के नीचे पूजा करने के लिए महिलाओं का तांता लगा रहा। पारंपरिक वेशभूषा और सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने हाथ में पूजा की थाल लेकर वट वृक्ष को जल अर्पित किया। इसके बाद वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत (रक्षा सूत्र) लपेटते हुए सुख-समृद्धि की कामना के साथ परिक्रमा की। पूजा स्थलों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा सुनी, जिससे पूरे समय माहौल धार्मिक बना रहा।

इन प्रमुख क्षेत्रों में रहा उल्लास का माहौल

शहर के फूलबाग, गांधी रोड, महाराज बाड़ा, पड़ाव, मुरार, थाटीपुर, हजीरा और लश्कर सहित लगभग सभी प्रमुख इलाकों में सामूहिक पूजा के बड़े आयोजन देखे गए। कई स्थानों पर महिलाओं ने भजन-कीर्तन भी किए, जिससे पूजा स्थल भक्तिमय हो उठे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वट सावित्री का व्रत सनातन धर्म के सबसे कठिन और महत्वपूर्ण व्रतों में से एक माना जाता है। इस दिन महिलाएं पूरे समय निर्जला (बिना अन्न और जल के) उपवास रखती हैं। मान्यता है कि इसी दिन सती सावित्री ने अपने अटूट संकल्प और तप के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस मांग लिए थे। तभी से यह परंपरा अनवरत चली आ रही है। पर्व को लेकर शहर के बाजारों में भी खासी रौनक देखने को मिली। जिन क्षेत्रों में वट वृक्ष उपलब्ध नहीं थे, वहां महिलाओं की सुविधा के लिए फुटपाथ पर वट वृक्ष की डालियों की अस्थाई दुकानें सजी नजर आईं। महाराज बाड़ा, अचलेश्वर मंदिर रोड, कटोरा ताल और थाटीपुर चौराहे पर लोगों ने पूजन के लिए वट की डालियां खरीदीं और घर पर ही गमलों में स्थापित कर श्रद्धापूर्वक पूजन की औपचारिकता पूरी की।

शनिचरी अमावस्या पर निकाली प्रभात फेरी

थाटीपुर में गूंजा हरिनाम संकीर्तन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 16 मई। संत श्री आशारामजी आश्रम ट्रस्ट के तत्वाधान में शनिचरी अमावस्या के पुनीत पर्व पर थाटीपुर क्षेत्र में भव्य 'हरिनाम प्रभात फेरी' का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी की शुरुआत थाटीपुर डिस्पेंसरी स्थित श्री हनुमान मंदिर से हुई, जो चम्बल कॉलोनी और दर्पण कॉलोनी सहित क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान पूरा क्षेत्र हरिनाम के संकीर्तन से भक्तिमय हो उठा।

भजनों पर झूमे श्रद्धालु, जगह-जगह हुआ स्वागत: प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु गुरुभक्ति के भाव से भरे भजनों पर सड़कों पर झूमते, नाचते और गाते हुए चल रहे थे। फेरी के मुख्य आकर्षण के रूप में सजे-धजे चलित वाहन पर पूज्य गुरुदेव संत शिरोमणि श्री आशारामजी बापू का स्वरूप विराजमान था। क्षेत्र के नागरिकों और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह जल, फल और मिष्ठान वितरण कर तथा माल्यार्पण व पुष्प वर्षा के साथ प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया।

इस धार्मिक आयोजन में श्री योग वेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ, महिला उत्थान मंडल और बाल संस्कार मंडल के पदाधिकारियों समेत भारी संख्या में श्रद्धालु और आम भक्तगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवाधारियों द्वारा सैकड़ों परिवारों को 'ऋषि प्रसाद' सत्साहित्य निःशुल्क उपहार स्वरूप भेंट किया गया, ताकि लोग भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विचारों से जुड़ सकें।

सांदीपनि विद्यालय में समर कैंप का समापन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 16 मई। सांदीपनि शासकीय कन्या उमावि में शनिवार को समर कैंप का समापन हुआ। मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी आरके सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला आबकारी अधिकारी राकेश शर्मा थे। अध्यक्षता प्राचार्य मनोरमा नायक ने की। उप प्राचार्य पवन कुमार, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विंग रजनी शर्मा, खेल शिक्षक पंकज शर्मा, नरेंद्र सिंह बाथम मंचासीन रहे। समर कैंप में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं स्वल्पाहार वितरित किया। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह, संध्या माहौर सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

सनातन धर्म मंदिर में नि :शुल्क होम्योपैथिक शिविर लगा

चिकित्सा शिविर, 100 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 16 मई। श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर में श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ एक दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने पहुँचकर अपनी स्वास्थ्य जाँच कराई और लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य मंत्री संदीप वैश्य ने बताया कि यह शिविर लायंस क्लब द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर समिति के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया था। शिविर में क्षेत्र के वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकित्सक डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. मीनू गर्ग एवं डॉ. मोना मिश्रा ने अपनी सेवाएँ दीं।

चिकित्सकों ने मरीजों की बीमारियों की विस्तृत जाँच कर उन्हें उचित परामर्श दिया और लायंस क्लब की ओर से निःशुल्क होम्योपैथिक दवाएँ भी वितरित की गईं।

शिविर में आए मरीजों की सुविधा के लिए सामान्य परामर्श के अलावा ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जाँच की विशेष व्यवस्था की गई थी, ताकि मरीजों को सटीक उपचार मिल सके। स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, शिविर में लगभग एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन कराकर चिकित्सा लाभ प्राप्त किया। शिविर के सफल और सुचारू आयोजन पर सनातन धर्म मंदिर समिति एवं लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने सभी आगंतुक चिकित्सकों, सेवादारों और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

झांसा देकर नकदी, जेवर समेटने वाला तांत्रिक गिरफ्तार, सब्जी मंडी में रंगेहाथ दबोचा

परिजनों ने पुलिस के साथ मिलकर बिछाया जाल

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 16 मई। मुरार थाना पुलिस ने झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र के नाम पर युवतियों को अपने जाल में फंसाकर ठगी करने वाले मुरादाबाद के एक शातिर तांत्रिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक छात्रा को झांसा देकर हजारों की नकदी और सोने के जेवरात समेट लिए थे। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता की आंटी और परिजनों ने पुलिस के साथ मिलकर जाल बिछाया और आरोपी को धर दबोचा। हालांकि, इस दौरान तांत्रिक के दो साथी कार से भागने में सफल रहे। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार, बड़ागांव स्थित मधुवन कॉलोनी (मुरार) निवासी वैशाली गोयल (23) एक छात्रा हैं। बीते फरवरी माह में उनकी भतीजी का परिचय इंस्टाग्राम के माध्यम से एक तांत्रिक से हुआ था। तांत्रिक ने घर की परेशानियां दूर करने का दावा करते हुए युवती को अपने जाल में फंसा लिया। शुरुआत में उसने 'फोन पे' के जरिए 10,000 ट्रांसफर करवाए। इसके बाद भी समस्या हल न होने का डर दिखाकर वह युवती से सोने की पांच चूड़ियां, मांग टीका, ईयर रिंग्स और एक सोने की चेन भी ठग ले गया। इसके बाद जब युवती ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया, तो तांत्रिक ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया।

घर से जेवर गायब होने पर खुला राज

बीते रोज जब घर की अलमारी से जेवर गायब मिले, तो परिजनों ने पूछताछ शुरू की। कड़ाई से पूछने पर भतीजी ने रोते हुए वैशाली को पूरी आपबीती सुनाई और बताया कि कैसे एक तांत्रिक ने उसे डरा-धमकाकर सब कुछ ठग लिया है।

आंटी ने भाइयों के साथ मिलकर तैयार किया 'ऑपरेशन तांत्रिक'

ठगी का पता चलते ही वैशाली ने तांत्रिक को सबक सिखाने की योजना बनाई। उसने अपने भाइयों मनीष, नवेन्द्र और विवेक को साथ लिया। वैशाली ने एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से तांत्रिक से संपर्क किया और अपने घर में कलह होने की बात कही। तांत्रिक ने दोबारा वही पैंतरा चलते हुए मदद का आश्वासन दिया और रुपयों की मांग की। वैशाली ने पैसे न होने का बहाना बनाया, तो लालची तांत्रिक सोने के पांच जेवर लेने पर राजी हो गया। उसने वैशाली को मुरार सब्जी मंडी में जेवर लेकर बुलाया। सौदा तय होते ही पीड़िता ने मुरार थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। तय समय पर शाम 6 बजे वैशाली मुरार सब्जी मंडी पहुंची। योजना के मुताबिक कुछ दूरी पर उसके तीनों भाई और सादे कपड़ों में पुलिस तैनात थी। जैसे ही तांत्रिक वैशाली से बात करने लगा और वैशाली ने उसे सोने की अंगूठी थमाई, वैसे ही भाइयों और पुलिस की टीम ने उसे चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया। इस दौरान कार में बाहर खड़े तांत्रिक के दो साथी पुलिस को देखकर तेजी से गाड़ी भगा ले गए। पकड़े गए तांत्रिक की पहचान शकील खान पुत्र निजामुद्दीन खान, निवासी मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

इनका कहना है...

मुरादाबाद के एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसाता था और उनसे जेवर व नकदी ठगता था। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके फरार साथियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

अनु बेनीवाल,
एएसपी, ग्वालियर

पार्षद ने अपर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन,जोन 5 से टेंट हटाने के निर्देश

मैदान पर अवैध कब्जे को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 16 मई। नगर निगम के जोन क्रमांक 5 स्थित कमेटी हॉल पर स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत से पहले एक विशेष संवाद बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नगर निगम के अपर आयुक्त प्रतीक राव (टी. धर्मा राव) और ग्वालियर स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रभारी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 12, 16 और 17 के सफाई कर्मचारियों, स्वास्थ्य अधिकारियों और डब्लूएचओ के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के समापन पर वार्ड 17 की वर्तमान पार्षद किरण धर्मेंद्र वर्मा, पूर्व पार्षद संतोष भारती और उमेश यादव ने संयुक्त रूप से अपर आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाले खेल मैदान पर टेंट लगाकर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत की गई और इसे तुरंत हटाने की मांग की गई। **यह खेल का मैदान है, मैरिज गार्डन नहीं:** मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर आयुक्त प्रतीक राव ने जोन 5 के क्षेत्रीय अधिकारी रामसेवक शाक्य को मौके पर ही सख्त लहजे में आदेश जारी किए। उन्होंने कहा की यह बच्चों के खेलने-कूदने का मैदान है कोई मैरिज गार्डन नहीं। दो दिन के भीतर यहाँ से टेंट हटाया जाए। यदि किसी आयोजन के लिए टेंट लगाया भी जाता है, तो शादी संपन्न होते ही उसे तुरंत हटाया जाना चाहिए ताकि आम जनता को आपत्ति न हो। अपर आयुक्त ने क्षेत्रीय अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में टेंट नहीं हटा या दोबारा वहाँ कब्जा पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन द्वारा कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आईपीएल मैच सट्टा खिलाते युवक दबोचा

चेन्नई और लखनऊ के मैच पर चल रहा था दांव, मोबाइल में खुली मिली सट्टे की वेबसाइट

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 16 मई। क्रिकेट के महाकुंभ 'आईपीएल' मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले नेटवर्क के खिलाफ महाराजपुरा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डीडी नगर इलाके से एक शातिर सटोरिए को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी स्थान बदल-बदलकर ग्राहकों को सट्टे की आईडी बांट रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टे में इस्तेमाल किया जा रहा कीमती मोबाइल और नकदी बरामद की है। पूछताछ में एक अन्य मुख्य आरोपी का नाम सामने आया है, जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

महाराजपुरा थाना प्रभारी यशवंत गोयल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में स्थान बदल-बदलकर आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खिलाए जाने की सूचना मिल रही थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक सत्येंद्र सिंह राजावत, आरक्षक रुस्तम और शिवराज की एक विशेष टीम गठित कर सटोरिए की पतारसी में लगाया गया।

दो दिन की कड़ी मशक्कत के बाद टीम को सटीक इनपुट मिला कि डीडी नगर स्थित लखमीपुर रोड कुशवाह मार्केट के पास एक युवक चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच चल रहे आईपीएल मैच पर दांव लगवा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद जवानों ने घेराबंदी कर उसे कुछ ही दूरी पर दबोच लिया। आरोपी की पहचान नीरज सिंह (26) पुत्र मुकेश सिंह लोधी, निवासी आगरा (हाल निवासी-कुशवाह मार्केट, डीडी नगर, ग्वालियर) के रूप में हुई है

गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने आरोपी नीरज के मोबाइल की बारीकी से जांच की, तो उसमें ऑनलाइन सट्टा वेबसाइट खुली हुई मिली। इस वेबसाइट में एजेंट आईडी सहित हार-जीत और लाखों के लेन-देन का पूरा लेखा-जोखा दर्ज था। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी नीरज ने कबूल किया कि वह ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाता है और ग्राहकों को सट्टे की आईडी उपलब्ध कराता था। इसके एवज में उसे मोटा कमीशन और मुनाफा ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिए मिलता था।

पूछताछ के दौरान पकड़े गए सटोरिए नीरज ने खुलासा किया कि इस पूरे नेटवर्क के पीछे गौरव लोधी नामक व्यक्ति का हाथ है। गौरव ही उसे सट्टे की मुख्य आईडी और भुगतान उपलब्ध कराता था। महाराजपुरा पुलिस ने आरोपी नीरज के खिलाफ सट्टा अधिनियम और अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अब फरार मुख्य सूत्रधार गौरव लोधी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

इनका कहना...

महाराजपुरा थाना पुलिस ने आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए एक सटोरिए को रंगेहाथ दबोचा है। पूछताछ के दौरान इस नेटवर्क से जुड़े एक अन्य आरोपी की महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें रवाना कर दी गई हैं, जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नागेंद्र सिंह सिकरवार,
सीएसपी, महाराजपुरा

किले पर सुसाइड करने वाली महिला की हुई शिनाख्त,प्रीति जाटव के रूप में हुई पहचान

पति की बेवफाई और प्रताड़ना से तंग आकर दी थी जान

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 16 मई। किले पर फांसी लगाकर आत्मघाती कदम उठाने वाली अज्ञात महिला की शिनाख्त हो गई है। मृतका की पहचान प्रीति जाटव (32) पत्नी देवेंद्र सिंह, निवासी पान पत्ते की गोठ के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि महिला ने पति की बेवफाई, गृहक्लेश और लगातार होने वाली मारपीट से तंग आकर यह खौफनाक कदम उठाया। बहोड़ापुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मायके पक्ष के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दहेज प्रताड़ना का भी आरोप, मायके वालों के बयानों पर होगी एफआईआर

भाई प्रदीप कुमार ने आरोप लगाया है कि जीजा देवेंद्र और उसके परिवार वाले प्रीति को दहेज के लिए भी शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। बहोड़ापुर थाना पुलिस का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। मृतका के मायके पक्ष के विस्तृत बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जिसके आधार पर आरोपी पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

चार बच्चों को छोड़ घर से निकली थी मृतका: पुलिस के अनुसार, मृतका प्रीति जाटव के चार बच्चे हैं। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे पति से हुए विवाद के बाद वह नाराज होकर घर से निकली थी। इसके बाद वह सीधे ग्वालियर किले पर पहुंची और वहां पेड़ से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। शनिवार सुबह दिल्ली से मृतका के भाई प्रदीप कुमार का फोन पुलिस के पास पहुंचा, जिसके बाद शव की शिनाख्त हो सकी।

इटावा की महिला से है पति का प्रेम प्रसंग, दो बार हो चुकी है पंचायत: दिल्ली से ग्वालियर पहुंचे मृतका के भाई प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि पिछले दो वर्षों से उसके जीजा देवेंद्र का महेबा (इटावा) की एक शादीशुदा महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है। वह महिला अक्सर ग्वालियर देवेंद्र से मिलने आती थी। जब प्रीति इसका विरोध करती, तो देवेंद्र उसके साथ बेरहमी से मारपीट करता था और घर खर्च के लिए पैसे देना भी बंद कर दिया था।

प्रदीप ने बताया कि इस विवाद को सुलझाने के लिए गांव में दो बार सामाजिक पंचायत भी बुलाई गई थी। यहां तक कि दिल्ली में जिस वकील के पास वह काम करता है, उन्होंने भी देवेंद्र को समझाने का प्रयास किया था, लेकिन उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं आया।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, अल्फ्रेड एमएस तलुआंगा, पुत्र जे. मालसावमा निवासी,ग्राम इलेक्ट्रिक वेंग,आइजोल नगर परिषद, डाकघर: आइजोल, जिला: आइजोल, मिजोरम-796001, यह घोषणा करता हूँ कि मेरी माता का वास्तविक और सही नाम **के. दरचामी** है, लेकिन कुछ दस्तावेजों में मेरी माता का नाम **के. दरचामी** के स्थान पर गलत तरीके से नाम **दरचामी** दर्ज किया गया है। मैं यह घोषणा करता हूँ कि **के. दरचामी** और **दरचामी** एक ही व्यक्ति हैं, जिनकी एक ही पहचान है, अर्थात् मेरी माता। यह शपथ पत्र उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों को सिद्ध करने के लिए दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में प्रयोग किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस शपथ पत्र में दिए गए सभी कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं।

उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांक:- JHS/N/PW/L.C दिनांक- 15.05.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेलवे समपार संख्या-377 रेलवे कि.मी 1146/19-21 अप/डाउन एवं 3rd लाइन चिरुला-दतिया के मध्य सेक्शन में दिनांक 17/05/2026 से ट्रैक मेंटेनस का कार्य दिनांक 19/05/2026 तक चलेगा। अतएव समपार क्रमांक-377 दिनांक 17/05/2026 से 19/05/2026 तक सड़क यातायात हेतु बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान आवागमन हेतु वैकल्पित मार्ग के रूप में LHS 375 & 376 रेलवे फाटक / अंडर पास से सड़क यातायात गुजारा जा सकता है।

1116/26 (D)

वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/उत्तर
उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 19 वार्ड क्रं. 50, भवन क्रं. 723, स्थानः मंदसौर वाली गली पिछाड़ी ड्योढी पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती मुकेश कुमार राजौरिया / श्री लाखन सिंह राजौरिया के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000191617 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 680 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र...... दिनांक .... के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाड़ा क्षे.क्रं. 19 पर दिनांक 11.05.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 82/2011/25428/25514/ प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
रजनी सिंघल / श्री हरिओम सिंघल
पताः मंदसौर वाली गली पिछाड़ी ड्योढी, वार्ड-50
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 16-05-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 19 वार्ड क्रं. 50, भवन क्रं. 610, स्थानः नारंगी बाई का मंदिर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती राधाकिशन / जेशनमल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000298809 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 466 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. ... दिनांक .... के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाड़ा क्षे.क्रं. 19 पर दिनांक 14.05.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 82/2011/25443/25529/प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
शंकरलाल बनवारी / स्व. केशवदास बनवारी
पताः नारंगी बाई का मंदिर, वार्ड-50
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 16-05-2026

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश महोदय कुटुंब न्यायालय ग्वालियर,म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 697/2025 आर.सी.एस.एच.एम

सौरव गौर
बनाम
सपना सेगर

बनाम
श्रीमती सपना सेंगर पुत्री श्री राजेश सिंह सेंगर पत्नी सौरभ गौर निवासी सूर्य नगर गंजी वाला मोहल्ला लक्कड़ खाना थाना माधवगंज लश्कर ग्वालियर म प्र

// सूचना पत्र //

यह की आवेदक सौरभ सिंह गौर पुत्र श्री गोविंद सिंह गौर निवासी मुर्गी फार्म के पास थाना गिरवाई जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश के द्वारा आपके विरुद्ध इस न्यायालय के समक्ष एक याचिका अंतर्गत धारा 11 hma मय धारा 13 hma प्रस्तुत की है। अतः जरिए सूचना पत्र आपको सूचित किया जाता है कि आप इस संबंध में अपना जवाब इस न्यायालय में दिनांक 06/07/2026 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें अनुपस्थित रहने की दशा में आपके सपना सेगर के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जाएगा यदि नियत दिनांक 06/07/26 को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या माननीय पीठासीन अवकाश पर हो तो आगामी दिन पर कार्यवाही की जावेगी। उक्त पत्र आज दिनांक 14/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

न्यायालय की मुद्रा

डीपी एस गौर
प्रधान न्यायाधीश
कुटुंब न्यायालय

आम सूचना सम्बन्ध विच्छेद

इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार रामनिवास पाल पुत्र स्व. श्री प्रभुदयाल, निवासी-चम्बल कॉलोनी, सरकारी क्वार्टर, थाटीपुर, ग्वालियर का निवासी हैं मेरे पक्षकार के पुत्र अंकित पाल का विवाह दिनांक 04.03.2024 को रेखा पुत्री श्री रामस्वरुप पाल, निवासी-गुलाबपुरी, बड़ागांव, मुरार, ग्वालियर से बिना दान दहेज के सम्पन्न हुआ था मेरे बेटे एवं पुत्रवधु के मध्य वैचारिक मतभेद उत्पन्न होने से आपस में लड़ाई झगड़ा होता है जब मेरे पक्षकार द्वारा समझाने का प्रयास किया जाता तो मेरे पक्षकार व मेरी पत्नी को गालियां देकर पुत्रवधू अपमानित करती है जिसमें पुत्र भी सहयोगी रहता है तथा मेरे पुत्र अंकित पाल एवं उसकी पत्नी रेखा पाल तथा रेखा पाल के मायके वालों के व्यवहार से ऐसा प्रतीत होने लगा है कि सभी लोग मिलकर मेरे पक्षकार के ऊपर झूठे मुकदमें लगवाना चाहते है क्योंकि मेरे पक्षकार की पुत्रवधु व पुत्र, मेरे पक्षकार एवं उसकी पत्नी गुड्डी पाल को आए दिन गाली गलौज कर बेईज्जत करते है और पुत्रवधु श्रीमती रेखा यह कहती है कि तुम्हारा एक बेटा है अपनी सारी चल-अचल सम्पत्ति अभी ही मेरे नाम कर दो और मना करने पर गाली गलौज कर बेईज्जत करती है और मेरे पक्षकार की पत्नी हस्तक्षेप करने पर उसके साथ भी गाली गलौज कर धक्का मुक्की करती है तथा अपने आपको स्वयं क्षतिकारित करती है और झूठे केस में फंसाने की धमकी देती है सभी लोग मिलकर मेरे पक्षकार और उसकी पत्नी गुड्डी पाल को यह धमकी दे रहे है कि यदि मकान जमीन रेखा के नाम नहीं की तो जेल में सड़वा देंगे जब उक्त बात अपने बेटे अंकित से कहते है कि तो वह भी बहु का ही पक्ष लेता है और वह भी अपनी पत्नी के साथ मिलकर झूठे केसों में फंसाये जाने की धमकी देता है जबकि मेरे पक्षकार द्वारा पुत्र अंकित पाल और पुत्रवधु रेखा को शादी के 06 माह बाद ही सारा सामान देकर परिवार से अलग कर दिया था तब से वह वंशीपुरा, मुरार ग्वालियर में निवास करते हैं पुत्र व पुत्रवधू के कारण घर में आए दिन क्लेश का वातावरण रहता है आए दिन के झगड़ों के कारण मेरे पक्षकार व उसके परिजन की सामाजिक छवि धूमिल हो रही है उक्त क्लेश से परेशान होकर मेरे पक्षकार व उसके परिजन द्वारा पुत्र व पुत्रवधू से अपने हर प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिये इसी सम्बन्ध में हर खास और आम को हिदायतें देते हुये यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार तथा मेरे पक्षकार के परिवार के किसी भी सदस्य से पुत्र अंकित पाल व पुत्रवधू रेखा का वर्तमान एवं भविष्य में आज दिनांक से कोई सम्बन्ध सरोकार नहीं है यदि इस सूचना के प्रकाशन के बाद कोई व्यक्ति पुत्र अंकित पाल व पुत्रवधू रेखा से लेनदेन व अथवा किसी भी प्रकार का कोई सामाजिक सम्बन्ध या संव्यवहार करता है या ऋण देता लेता है या कोई सम्बन्ध रखता है तो ऐसा व्यक्ति, फर्म, संस्था, निकाय स्वयं उत्तरदायी होगीं मेरे पक्षकार व मेरे पक्षकार के परिवारजनों एवं उनकी सम्पत्ति के मुकाबले कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र अंकित पाल व पुत्रवधू रेखा के कृत्यों से शारीरिक व मानसिक रूप से त्रस्त व परेशान होकर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है और इसी कारण मेरे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र अंकित पाल व पुत्रवधू रेखा को परिवार से बेदखल करते हुये सम्बन्ध विच्छेद कर देने तथा सम्पत्ति से बेदखल करने बावत् उक्त आम सूचना स्वेच्छा से पूरे होशों हवाश में अभिभाषक के माध्यम से दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित की जा रही है। अतएव सूचित हो। दिनांक: 16.05.2026

प्रेषकः **सोमवीर सिंह यादव** (एडवोकेट)
कार्या. - मिलन गार्डन वाली गली के आगे माँ विहार कॉलोनी रमटापुरा ग्वालियर (म.प्र.), मो. 9827334633, 9300866309

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मुरारीलाल पुत्र श्री बनखनडीलाल उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट स्थित ग्राम हरदेव सिंह की टाल, केन्टोमेन्ट एरिया मुरार ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 1936/मिन-1 का भाग 1000 वर्गफुट है। जो मेरे पक्षकार ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकार के विक्रेता की क्रयशुदा सम्पत्ति है। मेरे पक्षकार के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में - प्लॉट सम्पत्ति बी.आर. मोर्य पश्चिम में प्लॉट सम्पत्ति अशोक कुशवाह उत्तर में -रोड दक्षिण में प्लॉट सम्पत्ति पवन एंव कुशवाह जी जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। मेरे पक्षकार के पूर्व विक्रेता श्रीमती शान्ती सरल पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार सरल की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 1203 ग्रन्थ नं. 19619 तारीखी 20.8.2008 में पोहप सिंह कुशवाह पुत्र श्री मायाराम कुशवाह से क्रय किया। जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। लेकिन मेरे पक्षकार के पूर्व विक्रेता श्रीमती शान्ती सरल पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार सरल की क्रयशुदा सम्पत्ति असल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के विक्रेता से कही गुम हो गया जो कि कॉफी तलाशने पर भी नही मिला। जिसकी विधिवत सूचना पुलिस थाना मुरार मे तारीखी 16.05.2026 में की गई। अगर किसी व्यक्ति, बैक, सस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश को मेरे पक्षकार के पूर्व विक्रेता श्रीमती शान्ती सरल पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार सरल की क्रयशुदा सम्पत्ति असल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मिल जाता है। तो नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर सूचित करे और मेरा पक्षकार मुरारीलाल पुत्र श्री बनखनडीलाल उक्त अचल संपत्ति प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा पी.एन.बी.एच.एफ.एल. ग्वालियर से आवंटित करा रहा है। जो सुचित हो।

दिनांक 16.05.2026
स्थानः ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिंक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954